आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 13.02.2025

मुख्य समाचारः—

1— राज्यपाल, मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष सहित राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों ने आज प्रयागराज में महाकुंभ के तहत त्रिवेणी संगम पर लगाई आस्था की डुबकी।

2— नगरीय निकाय चुनाव के तहत पंद्रह फरवरी को होने वाली मतगणना की तैयारियों की समीक्षा के लिए राज्य निर्वाचन आयुक्त ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये ली बैठक।

3— उत्तराखंड में चल रहे राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ ने आज दो और कांस्य पदक जीते।

4— आज मनाया जा रहा है विश्व रेडियो दिवस।

राज्य मंत्रिमंडल—प्रयागराज

राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह सहित राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों ने आज प्रयागराज के अरेल घाट स्थित त्रिवेणी संगम पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि सनातन के इस महापर्व के अवसर पर डुबकी लगाना परम सौभाग्य की बात है। ऐसे पुण्य क्षणों का लाभ लेना अत्यंत सुखद और मन को शांति प्रदान करने वाला होता है।

वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि त्रिवेणी संगम में तीन करोड़ छत्तीसगढ़वासियों की सुख—समृद्धि और खुशहाली के लिए उन्होंने डुबकी लगाई है।

राजिम कुंभ कल्प मेला—शुभारंभ

गरियाबंद जिले के राजिम में कल से राजिम कुंभ कल्प मेला शुरू हो गया है। मेले का उद्‌घाटन राज्यपाल रमेन डेका ने किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि राजिम कुंभ कल्प छत्तीसगढ़ की धार्मिक आस्था और परंपरा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का राजिम कुंभ कल्प इसलिए भी विशेष है, क्योंकि यह उसी समय आयोजित हो रहा है जब प्रयागराज में महाकुंभ का भव्य आयोजन हो रहा है। प्रयागराज में जहां गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम है। वहीं, राजिम में महानदी, पैरी और सोंढूर का संगम होता है, इसीलिए इसे छत्तीसगढ़ का प्रयागराज कहा जाता है। राज्यपाल ने कहा कि यह मेला प्रदेश के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ—साथ आर्थिक विकास में भी अहम भूमिका निभाता है। मेले के शुभारंभ अवसर पर राज्यपाल सहित साधु—संतों और अतिथियों ने भगवान राजीव लोचन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर प्रदेश की सुख—समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

नगरीय निकाय—मतगणना तैयारी

प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के तहत बीते ग्यारह फरवरी को हुए मतदान के बाद राज्य निर्वाचन आयोग ने पंद्रह फरवरी को होने वाली मतगणना की तैयारी शुरू कर दी है। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने आज वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मतगणना पूर्व तैयारियों को लेकर बैठक ली। बैठक में सभी जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारी और रिटर्निंग अधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक का उद्देश्य मतगणना से पहले की गई तैयारियों की समीक्षा करना, मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए आवश्यक दिशा—निर्देश देना और संभावित चुनौतियों पर चर्चा करना था। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना आयोग की प्राथमिकता है।

हाईकोर्ट–अरपा नदी उत्खनन

अरपा नदी में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन को लेकर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने नाराजगी जताते हुए नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है। कोर्ट ने कहा कि राज्य शासन को इसके लिए कड़े नियम बनाने चाहिए और इस पर प्रभावी तरीके से अमल करना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि अरपा नदी से लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। अवैध उत्खनन के कारण नदी पूरी तरह खोखली हो गई है।

राष्ट्रीय खेल

उत्तराखंड में हो रहे राष्ट्रीय खेलों में छत्तीसगढ़ ने आज दो पदक जीते हैं। तलवारबाजी और नेटबॉल में छत्तीसगढ़ ने कांस्य पदक हासिल किया है।
छत्तीसगढ़ दल के उप प्रमुख प्रशांत सिंह रघुवंशी ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि छत्तीसगढ़ अब तक इस प्रतियोगिता में पांच स्वर्ण, चार रजत और ग्यारह कांस्य पदक सहित कुल बीस पदक जीत चुका है।

अड़तीसवें राष्ट्रीय खेल का कल चौदह फरवरी को समापन होगा।

एनटीपीसी–कॉन्फ्रेंस

राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम–एनटीपीसी की इंडियन पावर स्टेशन कॉन्फ्रेंस आज से रायपुर में शुरू हुई। तीन दिवसीय यह कॉन्फ्रेंस पंद्रह फरवरी तक चलेगी। इस दौरान अनेक तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस वर्ष इस कॉन्फ्रेंस की थीम है – विश्वसनीय और स्थायी ऊर्जा उत्पादन तथा संपत्ति प्रबंधन।

रायपुर डकैती–खुलासा

रायपुर के अनुपम नगर इलाके में दो दिन पहले हुई करीब पैंसठ लाख रूपये की डकैती का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने दुर्ग और राजनांदगांव से दस आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को आज सुबह रायपुर लाया गया। आरोपियों के पास से उनसठ लाख पचास हजार रूपये नगद, सोने के आभूषण और घटना में इस्तेमाल की गई कार जब्त की गई है।

रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा ने आज एक पत्रकारवार्ता में बताया कि डकैती की इस घटना को पीड़ित के पड़ोसी ने ही अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि पुलिस की दस अलग–अलग टीमों द्वारा सी.सी.टी.वी. फुटेज के आधार पर जांच शुरू की गई। इस दौरान मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि आरोपियों के हुलिये और घटना में प्रयुक्त वाहन से मिलता–जुलता वाहन अमलेश्वर से पाटन के बीच देखा गया है, जिसकी तस्दीक के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया। आईजी ने पुलिस की इस सफलता पर कहा कि रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में लगभग छत्तीस घंटे के भीतर इस घटना के सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसके लिए पूरी टीम बधाई के पात्र हैं।

विश्व रेडियो दिवस–01

आज विश्व रेडियो दिवस है। लोगों में रेडियो के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल तेरह फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व रेडियो दिवस का विषय है – रेडियो और जलवायु परिवर्तन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व रेडियो दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि समाचार और संस्कृति से लेकर संगीत और कहानी कहने तक, रेडियो एक शक्तिशाली माध्यम है।

वहीं, सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि रेडियो सूचना, शिक्षा और मनोरंजन का एक विश्वसनीय स्रोत है। विश्व रेडियो दिवस पर आज नई दिल्ली में रेडियो महोत्सव का उद्‌घाटन करते हुए श्री जाजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात अब एक परिवर्तनकारी मंच बन गया है, जहां आम लोगों की आवाज सुनी जाती है।

विश्व रेडियो दिवस पर अपने संदेश में प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि समाचार और सूचना का प्रसार करते हुए रेडियो राष्ट्र के सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

आज विश्व रेडियो दिवस की हमारे सभी श्रोताओं को बहुत–बहुत शुभकामनाएं। संवाद के लिए और सूचनाओं के आदान–प्रदान के माध्यम से राष्ट्र के सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में रेडियो की एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है और रेडियो एक बहुत सशक्त माध्यम है, पूरे जन–जागरण तक पहुंचने का। बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय के ध्येय वाक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, दुनिया का सबसे बड़ा रेडियो नेटवर्क–ऑल इंडिया रेडियो, आकाशवाणी जन–जन तक मनोरंजन, शिक्षा और सूचना, उसका प्रसार करता है, प्रचार करता है।

वहीं, श्रोताओं का अभिवादन करते हुए प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि आकाशवाणी जहां भारत की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का वाहक रहा है, वहीं इसने भारत में वैज्ञानिक प्रगति की यात्रा से भी लोगों को जोड़ा है। उन्होंने कहा कि दैनिक जीवन का शायद ही कोई ऐसा पहलू हो जो आकाशवाणी से अछूता रह गया हो।

इस अवसर पर आकाशवाणी की महानिदेशक डॉक्टर प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने कहा कि लगभग नौ दशकों से आकाशवाणी, श्रोताओं तक सूचना, शिक्षा और मनोरंजन पहुंचा रहा है।

रेडियो की भूमिका के बारे में आप सब जानते ही हैं। पूरे देश में बल्कि पूरे विश्व में आकाशवाणी की अपनी एक आवाज़ है और उसके जरिये लोगों तक सूचना–मनोरंजन पहुंचाने का आकाशवाणी ने हमेशा से काम किया है। जन–सरोकारों से जुड़ा रहा है आकाशवाणी, हम लोग दोबारा उसी की प्रतिबद्धता दोहराते हैं।

विश्व रेडियो दिवस पर आज छत्तीसगढ़ में भी अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रायपुर के वृंदावन हॉल में ओल्ड लिसनर्स ग्रुप ऑफ छत्तीसगढ़ जोन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आकाशवाणी रायपुर के कार्यक्रम प्रमुख पंकज मेश्राम और आकाशवाणी के पूर्व कार्यक्रम प्रमुख लखनलाल भौर्य शामिल हुए।

<u>ब्राडगेज लाइन–निरीक्षण</u>

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर मंडल में अभनपुर से राजिम के बीच नवनिर्मित ब्राडगेज लाइन में आज से परीक्षण और निरीक्षण का कार्य शुरू हो गया है। रेलवे ने लोगों से संबंधित रेललाइन से पर्याप्त दूरी बनाकर रखने और समपार फाटक को ट्रेन नहीं आने पर ही पार करने की अपील की है। साथ ही किसी भी व्यक्ति को प्लेटफार्म में टहलने, अनाधिकृत रूप से लाईन पार करने, लाईन के ऊपर बैठने और पशुओं को लाईन के पास चराने से मना किया गया है।

<u>मौसम</u>

मौसम विभाग के अनुसार हवा की दिशा में परिवर्तन होने के कारण प्रदेश के न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी होगी। अगले कुछ दिनों में प्रदेश के मौसम में परिवर्तन होगा। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि प्रदेश में कल मौसम के शुष्क रहने की संभावना है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><>